| | | |
|---|---|---|
| | भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग<br>GOVERNMENT OF INDIA, DEPARTMENT OF SPACE<br>भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन<br>INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION<br>यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, ओल्ड एयरपोर्ट रोड<br>U R RAO SATELLITE CENTRE, OLD AIRPORT ROAD<br>बेंगलूरू BENGALURU – 560 017 | |

**वि.सं.यू.आर.एस.सी/Advt. No. URSC:02:2026** **जून/June 12, 2026**

**यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (यू.आर.एस.सी.) बेंगलूरू में कनिष्ठ अनुसंधान फेलो (जे.आर.एफ.) के रूप में नियुक्त करने/प्रस्ताव के लिए ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित हैं।**

**On-line applications are invited for engaging as /Offering of Junior Research Fellow (JRF) at U R Rao Satellite Centre (URSC), Bengaluru.**

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इसरो में नौकरी के लिए जाली नियुक्ति प्रस्ताव पर ध्यान न दें।**

**CANDIDATES ARE ADVISED NOT TO TAKE COGNIZANCE OF FAKE OFFER OF APPOINTMENT FOR JOB IN ISRO**

**1**. यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (यू.आर.एस.सी.) जो कर्नाटक राज्य के बेंगलूरु में स्थित है वह उपग्रह प्रौद्योगिकी के लिए इसरो का अग्रणी केन्द्र है। यू.आर.एस.सी. अंतरिक्षयान की संकल्पना, अभिकल्प, विकास, संविरचन, परीक्षण, प्रमोचन एवं कक्षीय प्रबंधन के प्रति अंतरिक्षयान प्रौद्योगिकी में अग्र है। अंतरिक्षयान के विकास के अपने अधिदेश के परिणाम के रुप में, केन्द्र अंतरिक्षयान के अभिकल्प, विकास, संविरचन एवं परीक्षण हेतु अपनी गतिविधियों एवं अवसंरचना स्थापना के संबंध में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास में कार्यरत है। चार दशकों की अवधि में, यू.आर.एस.सी. ने सफलतापूर्वक भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह (इन्सैट) प्रणाली की स्थापना की है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बृहतम् घरेलू संचार उपग्रह प्रणालियों में से एक है तथा भारतीय सुदूर संवेदी (आई.आर.एस.) प्रणाली जो भू-प्रेक्षण उपग्रहों के बृहतम् तारा-मंडलों में से एक है, प्रचालन में है। भारतीय तारा-समूह सहित नौसंचालन (नाविक), क्रांतिक राष्ट्रीय अनुप्रयोगों के लिए सात उपग्रहों के तारा-समूह के साथ क्षेत्रीय स्थिति प्रणाली पर आधारित एक स्वतंत्र भारतीय उपग्रह को जल्द ही प्रचालन में लाया जाएगा। चन्द्रयान-1, मंगल कक्षित्र मिशन, चन्द्रयान-3, आदित्य-L1 तथा एस्ट्रोसैट जैसे अंतरिक्ष विज्ञान मिशनों ने विश्वव्यापी ख्याति प्राप्त किया है और भारत को सार्वभौमिक बनाने के साथ-साथ अगली पीढ़ी को प्रेरित किया है। यू.आर.एस.सी. द्वारा किए जाने वाले भविष्य के मिशन अत्यंत चुनौतिपूर्ण हैं एवं नवीनतम प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए अवसर उपलब्ध कराते हैं तथा अंतरिक्ष अन्वेषण एवं उससे परे के लिए उन्नत आधारभूत संरचना की स्थापना करते हैं।

U R Rao Satellite Centre (URSC) situated in Bengaluru of Karnataka State is the lead centre of ISRO for satellite technology. URSC is in the forefront of spacecraft technology towards conceptualization, design, development, fabrication, testing, launch and in-orbit management of spacecraft. As a sequel to its mandate of spacecraft development, the centre is engaged in development of cutting-edge technologies of relevance to its activities and infrastructures set-up for design, development, fabrication and testing of spacecraft. Over a period of four decades, URSC has successfully established Indian National Satellite (INSAT) system, which is one of the largest domestic communication satellite systems in Asia-Pacific region and Indian Remote Sensing (IRS) system which is one of the largest constellations of earth observation satellites in operation. Navigation with Indian Constellation (NAVIC) an independent Indian Satellite based regional positioning system with a constellation of seven satellites for critical national applications will be operational shortly. The Space science missions like Chandrayaan-1, Mars Orbiter Mission, Chandrayaan-3, Aditya-L1 and Astrosat have received worldwide acclaim and put India in the global map while at the same time inspiring the generation next. The future missions being undertaken by URSC are highly challenging and provide opportunity towards development of innovative technologies and establish the advanced infrastructure needed for space exploration and beyond.

**नोट NOTE:**

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सॉफ्ट प्रतियों में निम्नलिखित फाइल/दस्तावेज़ों की आवश्यकता अनिवार्य है :
The following files / documents in soft copies are mandatory requirements to complete the online application:

1. नवीनतम कलर पासपोर्ट साइज फोटो (6 महीनों से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए) एवं हस्ताक्षर जो कि अधिकतम 500 KB का JPG / JPEG प्रारुप में हो ।
   Recent colour passport size photograph (not older than 6 months) and signature in JPG / JPEG format of maximum size of 500 KB each.
2. प्रत्येक सेमिस्टर /साल में जहां कहीं भी लागू हो वहां अपेक्षित प्रतिशत सहित आवश्यक अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने के संबंध में अंतिम अंक सूची को एक पी.डी.एफ. में सलंग्न करें (पी.डी.एफ. फाइल 1MB से अधिक न हो को एकल पीडीएफ में संलग्न करें) ।
   Marks card of each semester / year with final pass certificate of having passed the essential qualification examination with the required percentage wherever it is applicable. (To be attached as single Pdf not exceeding 1MB).
3. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व /पी.डब्ल्यू.बी.डी. भूतपूर्व सैनिक प्रमाण-पत्र, यदि अभ्यर्थी उपरी आयु सीमा में छूट चाहते हैं। (पी.डी.एफ. फाइल 1MB से अधिक न हो) ।
   SC/ST/OBC/PwBD/Ex-Serviceman Certificate, if seeking relaxation for upper age limit. (Pdf file not exceeding 1MB).

4. जे.आर.एफ. के पद हेतु DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER इत्यादि जैसे केंद्रीय सरकारी विभाग और उनकी एजेंसी तथा संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में अर्हता पाने पर प्राप्त की गई CSIR – UGC – NET अंक सूची अथवा GATE अंक सूची (पी.डी.एफ. फाइल 1MB से अधिक न हो) ।
CSIR – UGC – NET score card or GATE score card or score card received after qualifying the National level examination conducted by Central Government Departments and their agencies and Institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER, etc. for the position of JRFs (Pdf file not exceeding 1MB).

## कनिष्ठ अनुसंधान फेलो (जे.आर.एफ.) JUNIOR RESEARCH FELLOW (JRF)

| पद सं.<br>**Position No.** | रिक्त पदों की संख्या<br>**Number of Vacancies** | आवश्यक न्यूनतम अर्हता<br>**Essential Minimum Qualification** | कार्यक्षेत्र/कार्य विनिर्देशन<br>**Area of Work/ Job Specification** | चयन का तरीका<br>**Mode of Selection** |
|---|---|---|---|---|
| **JRF-E1** | 01 | माइक्रोइलेक्ट्रोनिक्स या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Microelectronics or equivalent. | • सूक्ष्मपरिपथ संयोजन एवं पैकेजिंग<br>Microcircuits Assembly and Packaging.<br>• सूक्ष्मपरिपथ/संकर सूक्ष्मपरिपथ/मल्टीचिप मॉड्यूल की लेआउट अभिकल्पना हेतु ECAD सॉफ्टवेयर<br>ECAD software for layout designing of Microcircuits / Hybrid Microcircuits / Multichip Modules.<br>• उच्च गति, उच्च पावर, उच्च घनत्व व उच्च विश्वसनीय अनुप्रयोग हेतु उन्नत सूक्ष्मइलेक्ट्रॉनिकी पैकेजिंग प्रौद्योगिकी<br>Advanced microelectronics packaging technologies for high speed, high power, high density & high reliability applications.<br>• उच्च घनत्व वाले अंतरसंयोजन अवस्तर की प्राप्ति हेतु स्थूल व तनु फिल्म प्रक्रमण<br>Thick & Thin film processes for realization of high density interconnection substrates. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E2** | 01 | कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Computer Science / Information Technology or equivalent. | • प्रयोक्ता अंतरापृष्ठ विकास<br>User Interface development.<br>• मिशन विश्लेषण पैकेजों की मॉडलिंग<br>Modelling of Mission analysis packages. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E3** | 01 | कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Computer Science / Information Technology or equivalent. | • अंतरिक्षयान प्रचालन हेतु दूरमिति एवं दूरादेश सॉफ्टवेयर पैकेजों का विकास<br>Development of telemetry and telecommand Software packages for Spacecraft operations. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E4** | 02 | पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Power Electronics or equivalent. | • DC-DC परावर्तक विकास<br>DC-DC converter development.<br>• 100V पावर बस विकास<br>100V power bus development. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E5** | 01 | अंकीय इलेक्ट्रॉनिक्स/माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स/ सिग्नल प्रोसेसिंग/वी.एल.एस.आई./समाहित प्रणाली/ वी.एल.एस.आई. और समाहित प्रणाली या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री ।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent postgraduate degree in Digital Electronics / Micro-Electronics / Signal Processing / VLSI / Embedded Systems / VLSI and Embedded systems or equivalent. | • अंतरिक्षयान परीक्षण उपकरण का अभिकल्प, विकास व परीक्षण<br>Design, Development and testing of spacecraft testing equipment.<br>• एनालोग, अंकीय व मिश्रित सिग्नल परिपथों का अभिकल्प, विकास व परीक्षण<br>Design, development and testing of Analog, digital and Mixed signal circuits.<br>• सूक्ष्म-नियंत्रक एवं FPGA आधारित समाहित प्रणाली विकास एवं परीक्षण<br>Micro-controller and FPGA based embedded system development and testing. | साक्षात्कार<br>Interview |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | • FPGA / VHDL फिर्मवेयर विकास, सॉफ्टवेयर विकास एवं परीक्षण<br>FPGA / VHDL firmware development, software development and testing. | |
| **JRF-E6** | 01 | अभियांत्रिकी भौतिक विज्ञान/अनुप्रयुक्त प्रकाशिकी या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री/ प्रकाशिक अभियांत्रिकी में एकीकृत एम.टेक ।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Engineering Physics / Applied Optics or equivalent / Integrated M.Tech in Optical Engineering. | • बहुखंडित दर्पण प्रकाशिकी का विकास<br>Development of segmented Mirror Optics.<br>• विभिन्न परीक्षण पद्धतियों का प्रयोग करते हुए दर्पण बहुखंड का अभिलक्षणन<br>Characterization of Mirror segment using different test methods.<br>• बृहत आकार के दूरबीन दर्पण को बनाने के लिए बहुखंडों का संरेखण तथा प्रणाली निष्पादन का मूल्यांकन<br>Alignment of segments to form large size telescope mirror and evaluation of the system performance. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E7** | 01 | अनुप्रयुक्त भौतिक विज्ञान/सामग्री विज्ञान/ साम्रगी अभियांत्रिकी/ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Applied physics / Material science / Material engineering / Opto-electronics or equivalent. | • THz संसूचक सामग्री अध्ययन एवं अभिलक्षणन<br>THz detector material studies and characterization.<br>• THz / mm तरंगदैर्घ्य समाकलन हेतु लिथोग्राफिक सूक्ष्म-एंटेना<br>Lithographic Micro-Antenna for THz / mm wavelength fabrication.<br>• संहति THz काल प्रक्षेत्र स्पेक्ट्रास्कोपिक अनुप्रयोग हेतु THz प्रकाशिकी एवं अनुनादी छनन विकास<br>THz Optics and resonant filter development for compact THz time-domain Spectroscopic application. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E8** | 01 | प्रकाशिक अभियांत्रिकी / अनुप्रयुक्त प्रकाशिकी/ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री / प्रकाशीय अभियांत्रिकी में एकीकृत एम.टेक।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Optical engineering / Applied optics / Opto-electronics or equivalent / Integrated M.Tech in Optical Engineering. | • प्रकाशिक उपप्रणाली अभिकल्प, विभिन्न प्रकाशिक संचार संरूपण हेतु अनुकरण<br>Optical subsystem design, simulation for various optical communication configuration.<br>• फ्री स्पेस संचारण अध्ययन एवं प्रकाशिक तरंगदैर्घ्य पर अधोकड़ी/ऊर्ध्व कड़ी हेतु वायुमंडल के जरिए अनुकरण<br>Free space transmission studies and simulation through atmosphere for down link / uplink at optical wavelengths.<br>• कड़ी बजट अनुमान हेतु उचित Tx पावर एवं Rx द्वारक व्यास अनुकरण एवं प्राप्त फोटनस् हेतु APD संवेदनशीलता अध्ययन<br>Suitable Tx Power and Rx aperture diameter simulation for link budget estimation and APD sensitivity studies for received photons. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E9** | 01 | इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Electronics & communication or equivalent. | • FPGA व ASIC विकास व परीक्षण<br>FPGA & ASIC development and testing.<br>• अंकीय सिग्नल प्रक्रमण<br>Digital signal processing.<br>• AI / ML एल्गोरिथम एवं आंकड़ा अध्ययन<br>AI / ML algorithms and data analysis. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E10** | 01 | अंकीय इलेक्ट्रॉनिक्स/माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स / सिग्नल संसाधन/मेकाट्रॉनिक्स या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Digital Electronics / Micro Electronics / Signal Processing / Mechatronics or equivalent. | • अंकीय लॉजिक अभिकल्प हेतु FPGA / VHDL अभिकल्प, कन्ट्रोल अनुप्रयोग, बोर्ड एवं प्रणाली अभिकल्प, प्रणाली की सहायता से समाकलन एवं परीक्षण<br>FPGA / VHDL design for digital logics design, control applications, Board and System Design, integration and testing with System. | साक्षात्कार<br>Interview |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **JRF-E11** | 01 | अंकीय इलेक्ट्रॉनिक्स/वी.एल.एस.आई./समाहित प्रणाली/ वी.एल.एस.आई. व समाहित प्रणाली या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Digital Electronics / VLSI / Embedded systems / VLSI and Embedded systems or equivalent. | • VLSI अभिकल्प, समाहित प्रणाली अभिकल्प एवं उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग प्रणाली अभिकल्प<br>VLSI design, Embedded System Design and High Performance Computing Systems Design. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E12** | 01 | इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार/ऐवियनिकी/यंत्रीकरण में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Electronics & Communications / Avionics / Instrumentation. | • इलेक्ट्रॉनिक्स (अंकीय परिपथ) का अभिकल्प, विकास एवं परीक्षण<br>Design, development and testing of Electronics (digital circuits).<br>• हार्डवेयर पैकेज अंतरापृष्ठ, परीक्षण, नियंत्रण अनुकरण एवं विश्लेषण<br>Hardware Package Interface, Testing, Control Simulations and Analysis.<br>• FPGA विकास व परीक्षण, MATLAB, Python, C++, LINUX Device Drivers<br>FPGA Development & Testing, MATLAB, Python, C++, LINUX Device Drivers. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-E13** | 01 | गणित शास्त्र/भौतिक विज्ञान में एम.एस.सी.।<br>M.Sc in Mathematics / Physics.<br>अथवा Or<br>वांतरिक्ष में एम.टेक या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.Tech or equivalent post graduate degree in Aerospace. | • मिशन योजना हेतु उड़ान गतिकी उत्पादों का विश्लेषण (उपग्रह पंचाग, ग्रहण पूर्वानुमान इत्यादि)<br>Analysis of Flight Dynamics products (Satellite Ephemeris, eclipse prediction etc.) for mission planning.<br>• अनुवर्तन आंकड़ा विश्लेषण एवं अंतरिक्षयान का कक्षा निर्धारण<br>Tracking data analysis and Orbit determination of spacecraft. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-M1** | 01 | ऊष्मीय अभियांत्रिकी/ऊष्मीय विज्ञान व अभियांत्रिकी/ ऊष्मीय विज्ञान व ऊर्जा प्रणाली/ ऊर्जा प्रणाली में ताप अंतरण या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री ।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Thermal Engineering / Thermal Science & Engineering / Thermal Science & Energy Systems / Heat Transfer in Energy Systems or equivalent. | • सक्रिय ऊष्मीय युक्तियों का संख्यात्मक मॉडलिंग<br>Numerical modelling of active Thermal devices.<br>• AI / ML हेतु प्रयोगात्मक आंकड़ों का विश्लेषण<br>Analysis of experimental data for AI / ML.<br>• आंकड़ा चलित मॉडलों का विकास<br>Development of data driven models.<br>• इष्टतमीकरण तकनीकों का प्रयोग<br>Use of optimization techniques.<br>• MATLAB, UGNx-TMG इत्यादि उपकरणों का प्रयोग<br>Use of tools, such as, MATLAB, UGNx-TMG, etc.<br>• VC++, Python, JAVA, SQL इत्यादि जैसे प्रोग्रामिंग लेंगवेज का प्रयोग<br>• Use of programming languages, such as, VC++, Python, JAVA, SQL, etc. | साक्षात्कार<br>Interview |
| **JRF-M2** | 01 | यांत्रिकी अभियांत्रिकी/वांतरिक्ष अभियांत्रिकी या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Mechanical Engineering / Aerospace Engineering or equivalent. | • इंजीनियरिंग प्रणालियों का विश्वसनीय माडलिंग<br>Reliability modelling of engineering systems.<br>• असफल सिद्धांत<br>Failure theories.<br>• जीव परीक्षण व पर्यावरणीय परीक्षण<br>Life Testing & Environmental Testing.<br>• सांख्यिकीय वितरण व इष्टतमीकरण<br>Statistical distributions & Optimization.<br>• जोखिम मूल्यांकन<br>Risk Assessment. | साक्षात्कार<br>Interview |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **JRF-M3** | 01 | यांत्रिकी अभियांत्रिकी/मशीन डिजाइन या समतुल्य में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.सी.(इंजी) या समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री।<br>M.E / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in Mechanical engineering / Machine design or equivalent. | • यांत्रिकी तत्वों की अभिकल्पना, परिमिति अवयव पद्धतियों का प्रयोग करते हुए तनाव विश्लेषण, यंत्रावली की शुद्ध गतिकी व गतिक विश्लेषण<br>Design of Mechanical elements, Stress analysis using finite element methods, Kinematic & Dynamic analysis of mechanisms.<br>• 3D मॉडलिंग सॉफ्टवेयर उपकरण व विश्लेषण उपकरण<br>3D modelling software tools & Analysis tools. | साक्षात्कार<br>Interview |

**2. शैक्षणिक अर्हता Educational Qualification:**

**पद सं. JRF-E1, JRF-E2, JRF-E3, JRF-E4, JRF-E5, JRF-E6, JRF-E7, JRF-E8, JRF-E9, JRF-E10, JRF-E11, JRF-E12, JRF-M1, JRF-M2, JRF-M3 हेतु:**

**For Position No. JRF-E1, JRF-E2, JRF-E3, JRF-E4, JRF-E5, JRF-E6, JRF-E7, JRF-E8, JRF-E9, JRF-E10, JRF-E11, JRF-E12, JRF-M1, JRF-M2, JRF-M3:**

एम.ई./एम.टेक/एम.एस.सी. (इंजी.) अथवा समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री में प्रथम श्रेणी के साथ-साथ कुल न्यूनतम 60% अथवा 10 पाइंट स्केल पर 6.5 का सी.जी.पी.ए./सी.पी.आई. ग्रेडिंग। अभ्यर्थी जो राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएं जैसे कि CSIR – UGC – NET जिसमें लेक्चरशिप (सहायक प्रोफेसरशिप) या गेट शामिल हैं अथवा DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER इत्यादि जैसे केंद्रीय सरकारी विभाग और उनकी एजेंसी तथा संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के जरिए चयनित होते हैं, मात्र वे ही आवेदन देने हेतु पात्र हैं।

M.E. / M.Tech / M.Sc (Engg.) or equivalent post graduate degree in First Class with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale. The candidates who are selected through National Eligibility Tests – CSIR – UGC – NET including lectureship (Assistant Professorship) or GATE or Selected through National level examinations conducted by Central Government Departments and their agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER, etc. are only eligible to apply.

**पद सं. JRF-E13 हेतु:**

**For Position No. JRF-E13:**

एम.एस.सी. में प्रथम श्रेणी, जिसमें सभी सेमस्टरों का औसत कुल न्यूनतम 65% हो अथवा 10 पाइंट स्केल पर 6.84 का सी.जी.पी.ए./सी.पी.आई. हो। अभ्यर्थी जो राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएं जैसे कि CSIR – UGC – NET जिसमें लेक्चरशिप (सहायक प्रोफेसरशिप) या गेट शामिल हैं अथवा DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER इत्यादि जैसे केंद्रीय सरकारी विभाग और उनकी एजेंसी तथा संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के जरिए चयनित होते हैं, मात्र वे ही आवेदन देने हेतु पात्र हैं।

M.Sc in First Class with an aggregate minimum of 65% average of all Semesters or 6.84 CGPA/CPI on a 10 point scale. The candidates who are selected through National Eligibility Tests – CSIR – UGC – NET including lectureship (Assistant Professorship) or GATE or Selected through National level examinations conducted by Central Government Departments and their agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER, etc. are only eligible to apply.

एम.टेक. अथवा समतुल्य स्नातकोत्तर डिग्री में प्रथम श्रेणी के साथ-साथ कुल न्यूनतम 60% अथवा 10 पाइंट स्केल पर 6.5 का सी.जी.पी.ए./सी.पी.आई. ग्रेडिंग। अभ्यर्थी जो राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएं जैसे कि CSIR – UGC – NET जिसमें लेक्चरशिप (सहायक प्रोफेसरशिप) या गेट शामिल हैं अथवा DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER इत्यादि जैसे केंद्रीय सरकारी विभाग और उनकी एजेंसी तथा संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के जरिए चयनित होते हैं, मात्र वे ही आवेदन देने हेतु पात्र हैं।

M.Tech. or equivalent post graduate degree in First Class with an aggregate minimum of 60% or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale. The candidates who are selected through National Eligibility Tests – CSIR – UGC – NET including lectureship (Assistant Professorship) or GATE or Selected through National level examinations conducted by Central Government Departments and their agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER, etc. are only eligible to apply.

**3. एन.ई.टी./एन.ई.टी. समतुल्य अर्हता:**
**NET/NET Equivalent qualifications:**

पी.एच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु केंद्रीय सरकारी विभाग/एजेंसियों द्वारा आयोजित किसी भी राष्ट्रीय स्तर परीक्षाओं को ही एन.ई.टी. के समतुल्य माना जाएगा। उपरोक्त पद हेतु निम्नलिखित परीक्षाओं की सूची को एन.ई.टी. के समतुल्य माना जाता है:

Any national level examinations conducted by the Central Government departments / agencies for admission to Ph.D. programme are considered equivalent to NET. The following are the list of examinations, which can be equated to NET for the above positions:

i. सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा सहित एन.ई.टी.- लेकचरशिप
   CSIR-UGC National Eligibility Test including NET-Lectureship.
ii. एम.ओ.ई द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग में स्नातक एपटिट्यूड परीक्षा (GATE)
   Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE) conducted by MoE.
iii. एम.ओ.ई. द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JAM)
   Joint Admission Test (JAM) conducted by MoE.

iv. संयुक्त प्रवेश स्क्रीनिंग परीक्षा (JEST).
Joint Entrance Screening Test (JEST).

v. DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER जैसे केंद्रीय सरकारी विभाग एवं अन्य एजेन्सी एवं संस्थानों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर परीक्षाओं के जरिए चयनित.
Selected through National level examinations conducted by Central Government Departments and their agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER, etc.

4. **आयु सीमा / Age Limit (जे.आर.एफ. पद हेतु For the position of JRFs):**
ऑन लाइन आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख जैसे कि **11.07.2026** के अनुसार अधिकतम आयु 28 वर्ष परंतु अ.जा./अ.जजा. के मामले में 5 वर्ष तथा अ.पि.व. अभ्यर्थियों के मामले में 3 वर्षों की छूट होगी। भूतपूर्व सैनिक, निर्देशित दिव्यांग व्यक्ति (पी.डब्ल्यू.बी.डी.), विधवा, तलाकशुदा महिलाएँ एवं अपने पति से न्यायिक रुप से अलग हुई महिलाएँ तथा जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया, के लिए भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु छूट लागू है।
Maximum Age of 28 years as on **11.07.2026** i.e. the closing date of receipt of online applications but relaxation of 5 years in case of SC / ST and 3 years in case of OBC candidates. Age relaxations as per Government of India orders are applicable to Ex-Servicemen, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD), Widows, Divorced Women and Women judicially separated from their husbands and who are not remarried.

5. **फेलोशिप व वृत्तिका Fellowship & Stipend (जे.आर.एफ. पद हेतु For the position of JRFs):**

प्रारंभ में फेलोशिप दो वर्षों की अवधि के लिए होगी तथा उनके काम के मूल्यांकन एवं परियोजना की अपेक्षा के आधार पर आगे की अवधि के लिए विस्तारित किया जाएगा। दोनों कनिष्ठ अनुसंधान फेलो एवं वरिष्ठ अनुसंधान फेलो को मिलाकर अधिकतम कार्यकाल की अवधि पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगा। संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करने हेतु क्षमता वाले जे.आर.एफ. को पी.एच.डी. करने के लिए बाह्य विश्वविद्यालय पंजीकरण सहित प्रोत्साहित किया जाएगा। जे.आर.एफ. के रूप में फेलोशिप वृत्तिका ₹.37,000 प्रतिमाह होगी, तथा एस.आर.एफ. के रुप में प्रतिमाह ₹.42,000 तक बढ़ाने की संभावना होगी एवं तैनाती के स्थान में यदि उन्हें होस्टल उपलब्ध न कराने के संदर्भ में लागू निर्धारित दर में एच.आर.ए. का भुगतान किया जाएगा एवं वर्तमान नियमों के अनुसार स्वयं के लिए चिकित्सा लाभ प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। डी.ए. का भुगतान नहीं किया जाएगा। इस प्रयोजन हेतु मूल वेतन के रुप में फेलोशिप राशि ली जाएगी। जे.आर.एफ मात्र आकस्मिक छुट्टी के लिए ही पात्र होंगे। सभी महिला जे.आर.एफों के लिए भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार प्रसूति छुट्टी प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त, चयनित अभ्यर्थी, नियमित कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य किसी भी लाभ अथवा रियायतों के हकदार नहीं होंगे। साथ ही, जे.आर.एफ. इमदादी कैंटीन सुविधाएँ प्राप्त करने हेतु पात्र हैं।
The Fellowship will be initially for a duration of TWO YEARS and is extendable for further periods based on the assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement as Junior Research Fellow and Senior Research Fellow put together shall not exceed FIVE YEARS. JRFs with aptitude to pursue research in the respective areas will be encouraged to pursue Ph.D with an external university registration. Fellowship Stipend as JRF will be ₹ 37,000 per month, with a possibility to be increased to ₹ 42,000 per month, as SRF and HRA at the prescribed rates in force at the place of posting will be paid if they are not provided with Hostel accommodation and Medical benefits for self will be admissible as per extant rules. No DA will be paid. The fellowship amount shall be taken as Basic pay for this purpose. JRFs are eligible only for casual leave. Maternity leave as per Govt. Of India instructions would be available to all female JRFs. Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any other benefits or concessions admissible to regular employees. In addition, JRFs are eligible to get subsidised canteen facilities.

6. **चयन प्रक्रिया Selection Process:**
जे.आर.एफ. से संबंधित प्रत्येक पद के सामने प्रस्तावित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है तथा सभी होने के बावजूद अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु बुलाने के लिए अपने आप से हकदार नहीं बनते । ऑन-लाइन आवेदन में दिए गए शैक्षिक निष्पादन एवं अन्य मापदंडों पर प्रारंभिक छंटनी होगी और चयनित अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। **चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु काल लेटर मात्र ई-मेल द्वारा ही भेजा जाएगा।** तदनंतर साक्षात्कार का परिणाम इसरो वेबसाईट में घोषित किया जाएगा।
The qualification prescribed against each of the respective positions of JRFs is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidates eligible to be called for Interview. There will be an initial screening based on the academic performance and other parameters given in the on-line applications and only those who screened-in, will be called for Interview. **The call letters for the Interview to the short-listed candidates will be sent only by e-mail.** The result of the interview will be announced in the ISRO website subsequently.

**नोट Note:**

- सभी डिग्रियों को AICTE / UGC या भारत सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य संगठन द्वारा विधिवत् मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।
All degrees should be duly recognised by AICTE / UGC or any other organisation authorised by Government of India to do so.

- आवश्यक योग्यताएँ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की निर्धारित अवधि के भीतर पूरी की जानी चाहिए। जहाँ कोई विश्वविद्यालय अपने डिग्री प्रमाण-पत्र या समेकित अंक सूची में CGPA और अंकों का प्रतिशत दोनों का उल्लेख करता है, तो कम से कम एक मानदंड (या तो CGPA अथवा प्रतिशत) अंतरिक्ष विभाग/इसरो के पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए।
The Essential Qualifications should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University. Where a University mentions both CGPA and percentage of marks in its Degree Certificate or Consolidated Mark sheet, then at least one criteria (either CGPA or Percentage) should meet DOS / ISRO'S eligibility norms.

- जहाँ कोई विश्वविद्यालय अपने डिग्री प्रमाण-पत्र या समेकित अंक सूची में केवल CGPA का उल्लेख करता है, तो इस प्रकार उल्लिखित CGPA को अंतरिक्ष विभाग/इसरो के पात्रता मानदंडों को अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। पात्रता निर्धारित करने के लिए CGPA को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं है, भले ही संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा कोई रूपांतरण सूत्र निर्धारित किया गया हो। वही मानदंड उन मामलों में यथोचित परिवर्तनों के साथ लागू होते हैं जहाँ डिग्री प्रमाण-पत्र/समेकित अंक सूची में केवल अंकों का प्रतिशत उल्लेख किया गया हो।
  Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark sheet, then the CGPA so mentioned should necessary meet DOS / ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University / Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in the Degree Certificate / Consolidated Mark sheet.

- अंकों के प्रतिशत/ CGPA ग्रेडिंग को पूर्णांकित करने की अनुमति नहीं है। इस दशमलव के निकटतम 2 अंकों तक दर्ज किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए 8.235 को 8.23 के रूप में, 8.236 को 8.24 के रूप में दर्ज किया जा सकता है।
  The rounding of percentage of Marks / CGPA Grading is not allowed. It should be entered to the nearest of 2 points of decimal. For example: 8.235 may be entered as 8.23, 8.236 may be entered as 8.24

- जो केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम या स्वायत्त निकाय में कार्यरत हैं, उन्हें ऑन-लाइन आवेदन के उपरांत संबंधित नियोक्ता से 'अनापति प्रमाण-पत्र (एन.ओ.सी.)' भेजना आवश्यक है। वे अपना नाम, पद जिसके लिए उन्होंने आवेदन दिया है/पद सं. और पंजीकरण संख्या आदि अनापत्ति प्रमाण-पत्र के पीछे अवश्य दर्शाएंगे।
  The on-line application has to be invariably followed-up with a 'No Objection Certificate (NOC)' from the Employer concerned by those who are already in employments under Central/State Government, Public Sector Undertaking or Autonomous Body, duly indicating the Name, the position for which applied/Position No. and Registration No. on the reverse of the NOC.

- अभ्यर्थी जिन्हें डूयल / एकीकृत डिग्री प्राप्त हैं
  For candidates having Dual / Integrated degree:

  - जहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए CGPA/प्रतिशत को डूयल/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में अलग से उल्लेख किया गया है, वहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर के CGPA/प्रतिशत की गणना मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार स्वतंत्र रूप से ही की जाएगी।
    Where a CGPA / Percentage for Graduation and Post - Graduation is mentioned separately in Dual / Integrated Degree Certificate, CGPA / Percentage of the Graduation and Post - Graduation shall be reckoned independently as per the existing procedure.

  - जहाँ एक सामान्य CGPA/प्रतिशत संपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए केवल डूयल/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में उल्लेखित है, वहाँ अंतिम CGPA/प्रतिशत, जैसा कि डूयल/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में उल्लिखित है, संपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए लागू माना जाएगा और पात्रता निर्धारित करने के लिए इसकी गणना की जाएगी।
    Where a common CGPA / Percentage applicable for the entire course of study only mentioned in Dual / Integrated Degree Certificate, Final CGPA / Percentage as mentioned in the Dual / Integrated Degree Certificate as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.

  - जहाँ किसी विश्वविद्यालय द्वारा डूयल/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में कोई CGPA/प्रतिशत निर्धारित नहीं किया जाता है, वहाँ अंतिम/समेकित अंक सूची के अनुसार संचयी CGPA/प्रतिशत, जो संपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए लागू हो, पात्रता निर्धारित करने के लिए गणना की जाएगी।
    Where a University does not prescribe any CGPA / Percentage in Dual / Integrated Degree Certificate the cumulative CGPA / Percentage as per Final / Consolidated Mark sheet, as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.

  - ऊपर दिए गए मानदंड समान रूप से लागू होंगे, चाहे कोई विश्वविद्यालय/संस्थान अपनी डूयल/एकीकृत डिग्री प्रमाण-पत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए CGPA/प्रतिशत निकालने का कोई सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं।
    The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University / Institution prescribes a formula to derive the CGPA / Percentage for Graduation / Post Graduation in its Dual / Integrated Degree Certificate.

## 7. आवेदन कैसे करें How to apply:

ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए आवेदन इसरो वेबसाइट **www.isro.gov.in** में **12.06.2026 से 11.07.2026** तक की अवधि के दौरान **"CAREERS"** केप्शन के तहत होस्ट किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण करने हेतु **12.06.2026 एवं 11.07.2026** के बीच हमारे वेबसाइट को देख सकते हैं। आवेदन-पत्र ऑनलाइन द्वारा ही प्राप्त किए जाएंगे। ऑन-लाइन पंजीकरण करने पर, आवेदकों को ऑन-लाइन पंजीकरण संख्या उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे भविष्य में संदर्भ हेतु सुरक्षित रखना होगा। अभ्यर्थी को ई-मेल आई.डी., आवेदन में सही एवं अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना होगा (मात्र ई-मेल द्वारा ही हॉल टिकट भेजा जाएगा)।

The application for on-line registration will be hosted in the ISRO web-site i.e. **www.isro.gov.in** under the caption **"CAREERS"** during the period from **12.06.2026 to 11.07.2026**. Candidates may visit our website to register their applications on-line between **12.06.2026 and 11.07.2026**. Applications will be received through on-line only. **Upon on-line registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. E-mail ID of the applicant will have to be provided in the online application correctly and compulsorily (Hall tickets will be sent by e-mail only).**

8. **सामान्य शर्तें / General Conditions:**

- यू.आर.एस.सी. में अथवा इसरो / अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र में नियमित नियुक्ति के लिए जे.आर.एफ. का पद किसी भी दावा या अधिकार प्रदान नहीं करेगा।
  The position of JRF will not confer any claim or right for regular appointment whatsoever in URSC or in any of ISRO/DOS Centres.
- सभी प्रमाण-पत्र, सभी डिग्री और स्नातकोत्तर डिग्री, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण (विदेशी डिग्री के मामले में भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली से समकक्षता प्रमाण-पत्र), कार्य अनुभव, आयु, CSIR – UGC – NET स्कोर कार्ड या GATE स्कोर कार्ड, या किसी केंद्रीय सरकारी विभाग और उनकी एजेंसियों व संस्थानों जैसे DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER इत्यादि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्राप्त स्कोर कार्ड को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को इन सभी प्रमाण-पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियां भी साक्षात्कार में लानी होगी।
  Originals of all certificates, mark sheets of all degrees and post graduate degree (Equivalency Certificate from Association of Indian Universities, New Delhi in case of foreign Degree) Proof of work experience, age, CSIR – UGC – NET score card or GATE score card or score card received after qualifying the National level examination conducted by Central Government Departments and their agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER, etc. should be produced at the time of interview. Candidates should also bring self-attested photocopies of all such certificates to the interview.
- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मुक्त एवं दूर अध्ययन (ओ.डी.एल.) के द्वारा व्यवसायिक पाठ्यक्रम प्राप्त किया है, वे जे.आर.एफ. पदों के लिए आवेदन देने हेतु पात्र नहीं हैं।
  Those Candidates who have pursued Professional course through Open and Distance Learning (ODL) are not eligible to apply for the positions of JRF.
- आवेदन मात्र ऑनलाइन द्वारा ही प्राप्त किए जाएंगे एवं आगे की सभी सूचनाएँ आवेदक को मात्र ई-मेल/इसरो वेबसाईट द्वारा ही भेजे जाएंगे। अत:, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपना ई-मेल एवं इसरो वेबसाईट देखते रहें। यू.आर.एस.सी. अभ्यर्थियों के समक्ष तकनीकी या अन्य कारणों की वजह से ई-मेल अथवा/किसी भी सूचना के प्राप्त न होने पर जिम्मेदार नहीं होगा।
  Applications will be received through on-line only and all further communications will be made to the applicants through e-mail / ISRO website only. Therefore, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit ISRO website from time to time. URSC will not be responsible for non-receipt of intimation regarding e-mail or / any communication due to technical or whatsoever reasons to the candidates.
- उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन देने हेतु पात्र हैं। अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा करने वाले विद्यार्थी पात्र नहीं हैं, अत: वे आवेदन न करें।
  Only passed candidates are eligible to apply. Students waiting for final result are not eligible and hence need not apply.
- चयनित अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार का आयोजन मात्र बेंगलूरू में सूचित की गई तारीख को ही किया जाएगा। तथापि, यू.आर.एस.सी./इसरो को साक्षात्कार का स्थान/दिनांक को बदलने का अधिकार प्राप्त है।
  The interview will be conducted for the screened-in candidates in Bengaluru only on a given date. However, URSC / ISRO reserves the right to change the venue / date of interview.
- साक्षात्कार स्थान एवं अभ्यर्थी को संपर्क करने हेतु पता/ई-मेल आई.डी. में परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
  Any request for change in place and venue of interview or e-mail id for communication of the candidates will **NOT** be entertained.
- प्रारंभ में कनिष्ठ अनुसंधान फेलो की नियुक्ति दो वर्षों के लिए होगी एवं आगे उनके कार्य के निर्धारण एवं परियोजना की आवश्यकताओं के आधार पर उसे बढ़ाया जाएगा। कनिष्ठ अनुसंधान फेलो एवं वरिष्ठ अनुसंधान फेलो की नियुक्ति की अवधि अधिकतम पाँच वर्षों से अधिक नहीं होगी। जे.आर.एफ. के रूप में दो वर्षों की समाप्ति के उपरांत एकमात्र इसरो/अंतरिक्ष विभाग/यू.आर.एस.सी. के स्वेच्छानिर्णय के अनुसार एस.आर.एफ. को पुरस्कृत किया जाएगा। फेलोशिप यू.आर.एस.सी. अथवा इसरो/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र में नियमित नियुक्ति के लिए कोई भी दावा अथवा अधिकार प्रस्तुत नहीं करेंगे।
  Junior Research Fellows will be engaged initially for TWO YEARS and is extendable for further period based on the assessment of their work and requirements of project. The maximum period of engagement of Junior Research Fellow and Senior Research Fellow shall not exceed FIVE YEARS. Awarding of SRF will be at the sole discretion of ISRO/DOS/URSC after the completion of two years as JRF. The fellowship will not confer any claim or right whatsoever for regular appointment in URSC or in any of ISRO/DOS Centres.
- उपरोक्त उल्लिखित पद अनंतिम हैं एवं वास्तविक अपेक्षाओं के आधार पर बदल सकते हैं।
  The number of positions indicated above are provisional and may vary depending on the actual requirements.
- यदि अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए गए पात्रता/शर्तों को पूरा नहीं करते तो, साक्षात्कार से पूर्व अथवा साक्षात्कार के दौरान या चयनित पैनल की घोषणा के बाद/प्रस्ताव पत्र जारी करने के बाद संवीक्षा के समय में कोई विसंगतियाँ प्राप्त होने पर उनकी अभ्यर्थिता को रद्द किया जाएगा।
  If a candidate does not fulfil the eligibility / conditions given in the advertisement, his / her candidature will be cancelled summarily at any stage on scrutiny whenever the discrepancy is noticed i.e. before or during interview or after the announcement of select panel / after issuing the offer letter.
- चयनित जे.आर.एफ. को आवश्यकतानुसार, भारत में कहीं पर भी स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केन्द्र/यूनिटों में तैनात किया जा सकता है। इसरो के केन्द्र/यूनिटों के स्थान संबंधी विवरण हेतु, **www.isro.gov.in** देखें।

The Selected JRFs are liable to be posted in any of the Centres / Units of the Indian Space Research Organization / Department of Space situated anywhere in India, as and when required. For details pertaining to location of ISRO Centre / Units, please visit **www.isro.gov.in**.

- साक्षात्कार के लिए चयनित बाहर से आनेवाले अभ्यर्थियों को ऑन-लाइन आवेदन में दिए गए पते से साक्षात्कार परीक्षा स्थान तक निकटतम मार्ग के द्वारा आने-जाने हेतु द्वितीय श्रेणी शयन रेल भाड़ा अथवा अवातानुकूलित सरकारी बस शुल्क अथवा वास्तविक भाड़ा जो भी कम हो, को यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करने पर जैसे कि रेल, बस, हवाई इत्यादि द्वारा जैसे उच्च श्रेणी में यात्रा करने पर मात्र आरक्षण/शयन खर्च को काट कर द्वितीय श्रेणी का रेल भाड़े का भुगतान किया जाएगा। **(अभ्यर्थी, जिनके दस्तावेज़ों का सफलतापूर्वक जांच करने पर साक्षात्कार के लिए अनुमति दी गई को ही पात्र यात्रा भत्ता दिया जाएगा।)**
  Outstation candidates shortlisted for interview will be paid to and fro Second-Class Sleeper Railway fare by the shortest distance from the address given in on-line application to the place of interview or non-A/c Govt. Bus / fare or actual fare whichever is less on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey performed by the candidate viz., Rail, Bus, Air, etc. If a candidate travels in a higher class of accommodation, by train, by bus or by Air, only second class train fare by the shortest distance excluding reservation / sleeper charges will be paid. **(The candidates who are allowed for Interview after the successful document verification will alone be paid eligible Travelling Allowance).**

- अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. अभ्यर्थी जो आयु में छूट चाहते हैं को जाति प्रमाण-पत्र/ एवं अभ्यर्थी जो अनु. 4 (A&B) में उल्लिखित निर्देशित दिव्यांग व्यक्ति (पी.डब्ल्यू.डी.) को प्रमाण-पत्र की नवीनतम प्रति प्रस्तुत करनी होगी एवं अन्य वर्गों के अभ्यर्थी के होने पर आयु में छूट का दावा हेतु; भारत सरकार के तहत नौकरियों के आरक्षण/रियायत के लिए लागू निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी संबद्ध प्रमाण-पत्र लाना होगा।
  Candidates belonging to SC / ST / OBC and seeking age relaxation should submit a latest copy of Caste Certificate / and candidates who claim age relaxations being PwBD, Ex-Serviceman and other categories of candidates as mentioned in para 4 (A&B) above need to bring relevant certificates issued by the Competent Authority in the prescribed proforma applicable for reservation / concessions for jobs under the Government of India.

- यू.आर.एस.सी./ इसरो अपनी इच्छानुसार किसी भी पद अथवा सभी पदों की भर्ती करने या न करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
  URSC/ISRO reserves the right not to fill up all or any of the positions, if it so desires.

- केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं।
  Only Indian Nationals need to apply.

- किसी अंतरिम पत्राचार को स्वीकार नहीं किया जाएगा। फिर भी, किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, अभ्यर्थी अपना मेल **rmt@ursc.gov.in** को भेज सकते हैं।
  No interim correspondence will be entertained. However, in case of any clarification, candidates may send their mail to **rmt@ursc.gov.in**

- यू.आर.एस.सी./इसरो में रोजगार प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार की याचना करने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को अयोग्य माना जाएगा।
  CANVASSING IN ANY FORM FOR SECURING EMPLOYMENT IN URSC / ISRO WILL RESULT IN DISQUALIFICATION OF THE CANDIDATURE OF THE APPLICANT.

- अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वह सभी संदर्भों में विज्ञापन के साथ-साथ आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध अपेक्षाओं सहित पात्रता मानदंड पूरा करते हैं एवं अनुदेशों का पालन करते हैं। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र को भरें तथा इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार उक्त को प्रस्तुत करें।
  It is for the candidate to ensure that he / she fulfils the eligibility criteria and comply with all the requirements and adheres to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form in all respects. Candidates are therefore, urged to carefully read the advertisement and fill in the on-line application form and submit the same as per the instructions given in this regard.

- आवेदक की पूरी जानकारी, फोटो इत्यादि के बिना आवेदन प्रस्तुत करने पर, इसे तुरंत ही अस्वीकृत किया जाएगा। ऐसे आवेदक जो फोटो अपलोड करने के लिए उपलब्ध कराए गए जगह में अन्य किसी वस्तुओं को अपलोड करते हैं, की अभ्यर्थिता को किसी भी परिस्थिति में स्क्रीनिंग/साक्षात्कार हेतु विचार नहीं किया जाएगा।
  Applications submitted without complete information, photo of the applicant, etc. will summarily be rejected. The Candidature of the applicants who upload the photo of other objects in the space provided for uploading photo, will not be considered for screening / interview under any circumstances.

- अभ्यर्थियों को एक ही पद के लिए कई आवेदन जमा करने से बचना चाहिए। ऐसे कई आवेदनों के संदर्भ में, आवेदन प्रस्तुत करने के अंतिम दिनांक से पहले जमा किए गए नवीनतम आवेदन पर ही आगे की प्रक्रिया हेतु विचार किया जाएगा।
  Candidates should avoid submission of multiple applications for the same position. In case, of such multiple applications, the latest application submitted before the closing date of submission of application shall alone be considered for further processing.

- आयु, अर्हता इत्यादि जैसे सभी प्रयोजनों को निर्धारित करने के लिए **11.07.2026** (ऑन लाइन आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख) अंतिम तारीख होगी।
  **11.07.2026** (LAST DATE FOR RECEIPT OF ON-LINE APPLICATIONS) will be the cut-off date for all purposes like determining the age, qualification, etc.

- उपर्यूक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन/सूचना केवल ISRO की वेबसाइट “www.isro.gov.in” पर ही प्रकाशित की जाएगी।
  **Any corrigendum/addendum/information issued on the above advertisement will be published only on the ISRO website i.e. “www.isro.gov.in”.**
- हिंदी रुपांतर के निर्वचन के संदर्भ में किसी भी संदिग्धता/विवाद होने के मामले में, अंग्रेज़ी रुपांतर में उल्लिखित विषय को ही अंतिम माना जाएगा।
  **In case of any ambiguity / dispute arises on account of interpretation of Hindi version, contents enumerated in English version only shall finally prevail.**

**कृपया आपके आवेदन से संबंधित नवीनतम अद्यतन स्थिति हेतु हमारे वेबसाइट www.isro.gov.in को देखें।**

**PLEASE VISIT OUR WEBSITE AT www.isro.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION.**

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 11.07.2026 होगी।**

**LAST DATE FOR RECEIPT OF ON-LINE APPLICATION IS 11.07.2026**

इसरो में सेवा आरंभ करें एवं जीवन वृत्ति को सँवारें, प्रतिभाशाली वैज्ञानिक एवं तकनीकी समुदाय के साथ अपना ज्ञान बाँटें और राष्ट्र के विकास में सहयोग करें।

**JOIN ISRO AND SHAPE-UP YOUR CAREER**

**SHARE YOUR KNOWLEDGE WITH TALENTED SCIENTIFIC AND TECHNICAL COMMUNITY AND SUPPORT NATIONAL DEVELOPMENT.**

**“सरकार ऐसे कार्यदल के लिए प्रयासरत है जो लिंग की समानता को अभिव्यक्त करता है अत: महिला / ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी को आवेदन देने के लिए प्रेरित करता है।**

**“GOVERNMENT STRIVES TO HAVE A WORKFORCE WHICH REFLECTS GENDER BALANCE AND HENCE WOMEN / TRANSGENDER CANDIDATES ARE ENCOURAGED TO APPLY”.**